हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025

11 विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



12 वैश्य कन्या महाविद्यालय में लगा जॉब फेयर



## खबर संक्षेप

### 15 व 16 को लगेगा हृदय जांच शिविर

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद् द्वारा साओल हार्ट केयर के सहयोग से 2 दिवसीय निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। परिषद के प्रांतीय सचिव मूलचंद जोशी ने बताया कि 15 व 16 नवंबर को सेक्टर-9ए में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे लोगों के हृदय से जुड़ी जांच होगी। मेडिकल हिस्ट्री और रिपोर्ट की समीक्षा के उपरांत हार्ट स्पेशलिस्ट से निःशुल्क परामर्श मिलेगा।

### महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया

**बहादुरगढ़।** मॉडल टाउन स्थित मकान में मिले महिला के शव का वीरवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा दिया। परिजनों के बयान पर सिटी थाना पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है। दरअसल, बुधवार को मॉडल टाउन एक गली में असहनीय दुर्गंध फैलने पर पुलिस को सूचना दी गई थी। इस दौरान एक मकान खोला गया तो उसमें महिला का शव मिला। शव तीन से चार दिन पुराना था और महिला के माथे पर चोट लगी हुई थी। पहचान के बाद पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया। फिर परिजनों के बयान लिए और वीरवार को पोस्टमार्टम करा दिया। प्रथम दृष्ट्या दुर्घटनावश गिरकर मौत होने की आशंका है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो सकेगी।

### लाइनपार की बहराणिया बस्ती से महिला लापता

**बहादुरगढ़।** लाइनपार की बहराणिया बस्ती से एक महिला लापता हो गई। कई दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। प्रमिला का कहना है कि उसकी मां सरोज आठ नवंबर को घर से बाहर गई थी लेकिन वापस नहीं आई। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन कुछ अता पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, लाइनपार थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### छुड़ानी में छात्रावास का शुभारंभ 3 को

**बहादुरगढ़।** चंद्रभान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर गांव छुड़ानी में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्टी एडवोकेट विनय गोयल व सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र दहिया ने बताया कि शिविर में भारतीय सेना द्वारा रक्त संग्रह किया जाएगा। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क शिक्षा केंद्र और छात्रावास निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से आम नागरिकों से इस पुनीत कार्य में आर्थिक या अन्य किसी भी रूप में सहयोग करने की अपील की गई है।

### पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार दो घायल

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में पिकअप व स्कूटी की टक्कर हो गई। इसमें दो युवक घायल हो गए। एक को गंभीर चोट आई है। उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में खैरपुर के निवासी हिमांशु ने कहा कि वह अपने दोस्त के साथ स्कूटी पर सवार होकर एक शादी समारोह में जा रहा था। लाइनपार में श्रीरामा भारती स्कूल के पास पहुचे तो वहां ब्रेकर के कारण स्कूटी की गति कम कर दी। इसी दौरान पीछे से एक पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया। इस हादसे में मेरे दोस्त राहुल को गंभीर चोट आई। राहगीरों की मदद से उसे संभाला और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, सूचना पाकर पुलिस अस्पताल में पहुंची और घायलों के बयान लिए। बयान के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## भवन निर्माण सामग्री खुले में रखने वाले 12 स्टॉक संचालकों को दिए नोटिस

# एक्यूआई 404, बहादुरगढ़ में खतरनाक हवा से सांसों पर संकट

वायु प्रदूषण का असर केवल आखों और फेफड़ों पर ही नहीं बल्कि दिल की सेहत पर भी पड़ रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की हवा लगातार जहरीली बनी हुई है। वीरवार को बहादुरगढ़ का एयर क्वालिटी इंडेक्स बेशक अधिकारिक तौर पर 404 रिकॉर्ड किया गया, लेकिन हवा इससे कहीं ज्यादा खराब है। चारों तरफ फैली धूल, सड़क किनारे चल रहे निर्माण कार्य और वाहनों से निकलते धुएं ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। ऐसे में एचएसपीसीबी ने 12 स्टॉक संचालकों को नोटिस जारी किए हैं।

बता दें कि वायु प्रदूषण हर वर्ग के लोगों को प्रभावित करता है, मगर बच्चों और बूढ़ों को बीमारियां जल्द पकड़ लेती है। हवा में धुंध और धूल इतनी बढ़ जाती है कि आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ होती है।





बहादुरगढ़। सेक्टर-2 के सामने खुले में पड़ी भवन निर्माण सामग्री व प्रशासन की सख्ती के बाद ढका गया बिल्डिंग मेटिरियल। फोटो : हरिभूमि

वायु प्रदूषण का असर केवल आखों और फेफड़ों पर ही नहीं बल्कि दिल की सेहत पर भी गहरा असर डालता है।

वातावरण में मौजूद रासायनिक व हानिकारण कण श्वास नली के माध्यम से हृदय को नुकसान पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम होने लगती है। इस कारण क्रोनिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) की समस्या पैदा हो जाती है।

### ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू किया

*केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू कर रखा है। हालांकि एनसीआर में इन पाबंदियों को सख्ती से लागू नहीं किया जा रहा। अभी भी जहरीला धुआं फेंकने वाले वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। औद्योगिक प्रदूषण भी बेलगाम है। हालांकि वीरवार को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त कार्रवाई में भवन निर्माण सामग्री खुले में रखने और बिना ढककर रखने वाले 12 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने चेतावनी दी है कि यदि सुधार नहीं हुआ तो जुर्माना और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना है कि शहर में लगातार निगरानी रखी जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।*



बहादुरगढ़। आग बुझाने के लिए एमआईई में पहुंची दमकल की गाड़ियां।

# जूता फैक्ट्री में आग से काफी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक जूता फैक्ट्री में वीरवार की दोपहर को आग लग गई। आग से फैक्ट्री में रखा काफी माल जल कर राख हो गया तथा भवन को भी नुकसान पहुंचा है। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

दरअसल, दिल्ली के निवासी एक उद्यमी की एमआईई पार्ट-1 में बंसल पॉलीमर्स नाम से कंपनी है। इसमें जूते तैयार किए जाते हैं। जानकारी के अनुसार, वीरवार की दोपहर यहां काम चल रहा था। करीब साढ़े तीन बजे अचानक पहली मंजिल के एक हिस्से में आग सुलग गई। भवन में काम कर रहे कर्मचारी तुरंत बाहर निकले और बचाव कार्य शुरू किया। आग तेजी से फैलने लगी। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। कुछ ही देर में दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। करीब दो घंटे में आग पर नियंत्रण पा लिया गया लेकिन देर शाम तक पूरी तरह से नहीं बुझ सकी थी। आग लगने के कारण काफी माल जल गया, वहीं भवन को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। एहतियात के तौर पर देर शाम तक दमकल गाड़ियां मौके पर थी।

# सफाई व्यवस्था और टेंडरों पर भाजपा नेता ने ही उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- नगरपरिषद में विकास कार्यों की बजाय भ्रष्टाचार की होड़ लगी

नगर में हो रहे विकास कार्यों तथा अन्य अनियमितताओं को लेकर बेशक विपक्षी दल खामोश हैं, लेकिन भाजपा नेता जसबीर सैनी लगातार ऐसे मुद्दों को मुखरता से उठा रहे हैं। वीरवार को उन्होंने सफाई व्यवस्था तथा डी प्लॉन के टेंडर रद करने को लेकर सवाल उठाए।

पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने कहा कि डी-प्लान के तहत विकास कार्यों को करने के लिए सरकार ने स्वीकृति दी है, लेकिन उन कामों को रद करने के पीछे सिर्फ अपने चेहतों को काम अलॉट करने की मंशा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगरपरिषद में विकास कार्यों की बजाय भ्रष्टाचार की होड़ लगी हुई है। भाजपा नेता ने सफाई व्यवस्था को लेकर किए जा रहे निरीक्षण और बयानबाजी को महज राजनीतिक ड्रामा बताते हुए कहा कि पिछले 3 साल से सफाई के नाम पर बहादुरगढ़ को लूटा जा रहा है। आज तक सब खामोश थे, लेकिन निजी हित सधने बंद हो गए तो सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाकर जनता की सहानुभूति लेने का प्रयास किया जा रहा है। जसबीर के अनुसार बहादुरगढ़ की जनता सब देख रही है। लोग छोटे-छोटे कामों के लिए नगर परिषद में धक्के खा रहे हैं। पिछली सरकारों में हुए भ्रष्टाचार को भी पीछे छोड़ दिया गया है। जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मांग करते हुए कहा कि स्वतंत्र एजेंसी से नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच करवाई जाए।

# रॉयल ग्रीन काउंटी को मिला कंप्लीशन सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की प्रतिष्ठित एवं पर्यावरण संरक्षण की पहचान बन चुकी रॉयल ग्रीन काउंटी को कंप्लीशन सर्टिफिकेट मिल गया है। अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर) के सबसे नजदीक बहादुरगढ़ गुरुग्राम रोड पर 40 एकड़ से ज्यादा में रॉयल ग्रीन काउंटी का निर्माण किया गया है। यहां आधुनिक विला के साथ प्लाट भी मुहैया करवाए गए थे।

रॉयल ग्रीन रियलटी के प्रबंध निदेशक यशांक वासन ने बताया कि रॉयल ग्रीन काउंटी पूरी तरह से पर्यावरण और आधुनिक जीवनशैली को समर्पित आवासीय परिसर है। यहां हरियाली के लिए हजारों पौधे लगाए गए हैं। रॉयल ग्रीन काउंटी में आधुनिक पार्कों का निर्माण किया गया है। इनमें बच्चों के लिए झूलें, बुजुर्गों के लिए बैठने की व्यवस्था, फूलों और पौधों से महकती हुई बगिया हैं। आधुनिक ओपन जिम की व्यवस्था भी है। काउंटी में गलियों और सड़कों का यूनिक नाम दिया गया है। हाई सिक्योरिटी की 24 घंटे व्यवस्था की गई है। बहादुरगढ़ के सबसे बड़े क्लब का निर्माण भी काउंटी में हो रहा है। शॉपिंग के लिए कोर्टयार्ड 40 का निर्माण कार्य भी करवाया जा रहा है। रॉयल ग्रीन काउंटी को बहादुरगढ़ की इंटिग्रेटिड टाउनशिप ऑफ द ईयर का अवार्ड भी मिल चुका है। यहां बिजली, पानी और सीवेज की प्रॉपर प्लानिंग से व्यवस्था की गई है। तमाम निरीक्षण और परीक्षण के बाद हरियाणा सरकार ने कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी कर दिया है। यहां प्लॉट लेने वाले अब आवास का निर्माण कर सकते हैं।



बहादुरगढ़। करीब 40 एकड़ में विकसित की गई रॉयल ग्रीन काउंटी। फोटो : हरिभूमि

### दीपक हत्याकांड में इस्तेमाल गाड़ी व चाकू बरामद

**बहादुरगढ़।** रोहद निवासी दीपक की हत्या में इस्तेमाल किए गए चाकू और गाड़ी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। दो आरोपियों को पकड़कर जेल में भेज दिया है। मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस भागदौड़ कर रही है। गत आठ नवंबर को वारदात हुई थी। परिजनों के मुताबिक, शनिवार की सुबह सोनू नाम का एक युवक उनके बेटे दीपक को बुलाकर ले गया था। देर शाम को उन्हें दीपक के पीजीआई रोहतक में दम तोड़ने की सूचना मिली। परिजनों ने आरोप लगाया कि सोनू, चिराग व प्रवीण आदि ने झगड़े के दौरान दीपक को मौत के घाट उतारा। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में सोनू व चिराग को गिरफ्तार किया। चिराग को तो जेल भेज दिया था लेकिन मामले में पूछताछ के लिए सोनू को रिमांड पर लिया गया। इस दौरान उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू व गाड़ी बरामद की गई। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले में एक आरोपी फरार है। उसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।



बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल परिसर में खड़ी गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# सरकारी अस्पताल में कई दिन से खड़ी गाड़ी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल में कई दिन से खड़ी गाड़ी को लेकर वीरवार को हड़कंप मच गया। प्रबंधन की ओर से पुलिस को सूचना दी। सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बीते करीब दस दिन से ट्रामा सेंटर परिसर में एक नीले रंग की बलेनो गाड़ी खड़ी हुई थी। चूंकि अक्सर यहां गाड़ियां खड़ी रहती है तो कर्मचारियों ने भी ज्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन कई दिन बाद भी गाड़ी नहीं हटी तो प्रबंधन को अवगत कराया गया। प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले में सामने आया कि गाड़ी बहादुरगढ़ के ही किसी व्यक्ति की है। पुलिस के पूछने पर उसने बताया कि उसके घर में कोई बीमार है। इस कारण वह गाड़ी नहीं ले जा सका। बता दें कि बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल परिसर में अवैध पार्किंग की समस्या गहराई रहती है। कोई भी बाहरी शख्स यहां आकर अपने वाहन खड़े कर जाता है। कई बार यहां मौजूद गार्ड वाहन चालकों को टोकते हैं तो वे झगड़ने लग जाते हैं। अस्पताल परिसर में बाहरी गाड़ियों के खड़े रहने के कारण कई बार अव्यवस्था हावी हो जाती है। यहां इस दिशा में सख्ती बरतने की जरूरत है।

### *95 हजार की ठगी के आरोपी को जेल भेजा*

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी जेल भेज दिया गया है। आरोपी की पहचान साहिल निवासी लाइनपार के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक ने बताया कि बहादुरगढ़ में रहने वाली एक महिला ने 1 मई 2025 को 95 हजार की ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में अब एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने साथी के संग मिलकर महिला का मोबाइल छीनकर उसी से बैंक फ्रॉड किया। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक जितेंद्र ने बताया कि दूसरे आरोपी की भी पहचान कर ली गई है, जिसकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बैंक विवरण किसी अज्ञात व्यक्ति से साझा न करें और साइबर अपराध से सतर्क रहें।

# ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर यूट्यूबर से 33 लाख 89 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

**साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की**

ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। आम नागरिकों को झांसा देकर शातिर ठग उनकी जमा पूंजी हड़प रहे हैं। अब बहादुरगढ़ में एक यूट्यूबर/व्लॉगर को शातिरों ने निवेश के नाम पर 33 लाख 89 हजार 720 रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित यूट्यूबर डाबोदा खुर्द गांव का रहने वाला है। पीड़ित का कहना है कि वह यूट्यूब पर व्लॉग बनाता है। गत 19 सितंबर को फेसबुक पर संजना मेहता नाम की आईडी पर बातचीत हुई। उसने कहा कि हमारा टैक्सटाईल मैनुफेक्चरिंग का बिजनेस है। साथ में फॉरेक्स ट्रेडिंग में भी काम करती है। उसने मुझे एक व्हाट्सएप नंबर दिया और उससे बातचीत होने लगी। धीरे-धीरे उसने मुझे झांसे में लिया तथा यूएसडीटी में निवेश के लिए बोला और अच्छा प्रोफिट दिलाने की कही। फिर मेरा डेक्स ट्रेड नाम की वेबसाइट पर अकाउंट बनवाया। मैंने उसके कहने पर खुद के व अपने जानकारों के खातों से अलग-अलग तारीखों पर कुल 33 लाख 89 हजार 720 रुपये निवेश के नाम पर विभिन्न खातों पर भेज दिए।

जब मैंने प्रोफिट सहित अपनी रकम निकालने का प्रयास किया तो वे कभी वेरिफिकेशन फीस तो कभी टैक्स तो कभी अन्य बहाना बनाकर टोल मटोल करने लगे। बार-बार कहने के बावजूद मेरे पैसे वापस नहीं लौटाए। बाद में पता चला कि मुझसे संजना बनकर जो लड़की बात कर रही है, उसकी इंस्टाग्राम आईडी दिव्या के नाम से है। इसके बाद ठगी का आभास हुआ। हो सकता है इस इंस्टाग्राम वाली लड़की ने मेरे साथ ठगी की हो या इसके नाम पहचान का किसी ने गलत इस्तेमाल किया हो। मामले में जांच कर आरोपियों को पकड़ा जाए और मेरे पैसे वापस लौटाए जाएं। उधर, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।



झज्जर। अनाजमंडी में लगी धान की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

### अनाज मंडी में फिर से शुरू हुई फसल की आवक

**झज्जर।** बुधवार को चलाए गए उठान कार्य के बाद अनाजमंडी में वीरवार को फिर से फसलों की आवक का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह किसान अपनी फसल लेकर मंडी पहुंचे। यहां आढ़तियों द्वारा बोली लगाकर धान की प्राइवेट खरीद की जा रही है। जिले की बेरी व मातनहेल अनाजमंडी में पीआर धान की खरीद सरकारी स्तर पर हो रही है। दोनों अनाज मंडियों में अब तक 497 किसानों के पीआर धान के गेट पास काटे जा चुके हैं, जिनकी 24528.5 क्विंटल धान की आवक ई-खरीद पोर्टल पर दर्ज की गई है। इसमें से 378 किसानों की 17742.3 क्विंटल धान की खरीद भी की जा चुकी है। बता दें कि बुधवार को दिनभर चले उठान कार्य में धान व बाजरे की करीब 18 हजार क्विंटल फसल का उठान किया गया था। अनाज मंडी में हुई निरंतर आवक के चलते जहां जगह-जगह फसलों की ढेरियां लग गई थीं। इसी कारण आढ़तियों ने मिलकर उठान कार्य का निर्णय लिया था।

## अधिकारियों ने चेयरपर्सन को बताया कि एक सप्ताह में पूरा होगा काम

# रेलवे अंडरपास मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने वीरवार को शहर के रेलवे अंडरपास में चल रहे विशेष मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। रेलवे अधिकारियों ने उन्हें बताया कि अंडरपास की सड़क मरम्मत का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद इसे आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर चेयरपर्सन सरोज राठी ने ठेकेदार व अधिकारियों को उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

बता दें कि रेलवे अंडरपास करीब डेढ़ माह से मरम्मत के कारण बंद पड़ा हुआ है, जिससे लाइनपार के लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार को चेयरपर्सन सरोज राठी ने मौके पर पहुंचकर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और कुछ तकनीकी खामियों को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अंडरपास में सड़क की ऊपरी परत को नया बनाया जा रहा है। जलनिकासी की उचित व्यवस्था भी की जा रही है। अंडरपास में लाइटिंग सिस्टम भी दुरुस्त किया जाएगा।

नगर परिषद की ओर से यहां नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इससे रात के समय लोगों को अंधेरे में चलने या वाहन चलाने में परेशानी नहीं होगी। इसके अलावा अंडरपास के शेड का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। मरम्मत पूरी होने पर लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, स्टेशन अधीक्षक यशपाल मीणा, रमेश राठी, पार्षद राजेश तंवर, मनमोहित गुप्ता और जेई आशीष आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। अंडरपास में मरम्मत कार्य का निरीक्षण करती चेयरपर्सन सरोज राठी। फोटो : हरिभूमि

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अच्छे-अच्छे कामों के साथ फुल एंज्वॉयमेंट



बच्चो, सोचो जरा चिल्ड्रेंस-डे पर अगर कोई एंजेल आकर तीन विशेज मांगने को कहे तो क्या मांगोगे या फिर अगर कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो क्या करना चाहोगे? ये सवाल **बालभूमि** ने पूछे टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स से। साथ में यह भी पूछा कि वे चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इनके बालभूमि के अपने नन्हे दोस्तों के लिए क्या मैसेज हैं?

## बच्चों के लिए एक नो-जजमेंट-जोन बनाना चाहूंगाः सुभान खान

**सोनी सब** के शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में बाल कार्तिकेय की भूमिका सुभान खान निभा रहा है। उससे जब पूछा गया कि अगर कोई एंजेल उसकी तीन विशेज पूछे तो वह क्या होगी, उसने एक पल सोचा फिर बोला, 'मेरी पहली विश होगी कि दुनिया में एक भी बच्चा भूखा न रहे। हर बच्चे को शिक्षा मिले। हर बच्चे के चेहरे पर बिग स्माइल हो। एंजेल से मेरी दूसरी विश होगी कि मेरे सारे फैंस और दोस्त खूब टैलेंटेड बनें, उन्हें सक्सेस मिले। मेरी तीसरी विश होगी कि मुझे हमेशा अच्छे शोज में काम करने का मौका मिले ताकि मैं अपने ऑडियंस को एंटरटेन करता रहूं।' सुभान खान को अगर सुपर-पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, पूछने पर वह जवाब देता है, 'अगर मुझे सुपर-पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले यह श्योर करूंगा कि दुनिया के हर बच्चे को राइट-टू-एजुकेशन के साथ, राइट-टू-इमोशनल-सपोर्ट मिले। मैं बच्चों के लिए एक 'नो-जजमेंट-जोन' बनाना चाहूंगा, जहां कोई भी उन्हें उनके लुक्स, मार्क्स या सपनों के लिए जज न करे। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरी आजादी मिले।' सुभान चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करता है, वह बताता है, 'हम सेट पर ही केक काटते हैं, चॉकलेट्स शेयर करते हैं और जमकर मस्ती करते हैं।' चिल्ड्रेंस-डे के अवसर पर सुभान 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए मैसेज देता है, 'मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि नेवर स्टॉप ड्रीमिंग। आप जो भी बनना चाहते हैं, उसके लिए मेहनत करें। हैप्पी चिल्ड्रेंस-डे।'*



## मेरी विश होगी मुझे ऑस्कर अवार्ड मिलेः हरीति जोशी

**हरीति जोशी** इन दिनों सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार निभा रही है। वह हंसते हुए कहती है, 'अगर कोई एंजेल आकर मेरी तीन विशेज पूरी करने की बात कहे, तो मैं उससे पहली विश मांगूंगी कि मुझे ऑस्कर अवॉर्ड मिले, ताकि मेरे परिवार और देश का नाम रोशन हो। मेरी दूसरी विश होगी कि मैं क्रूज वैकेशन पर जाऊं, जहां मैं समंदर के बीच मजे करूं। मेरी तीसरी विश होगी कि हमारा भारत एजुकेशन में दुनिया में सबसे आगे हो, यहां हर बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े और सभी को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले।' हरीति नेचर और एनवॉयर्नमेंट को लेकर भी काफी अवेयर है। वह कहती है, 'अगर मुझे कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले अपने पर्यावरण को बचाना चाहूंगी। मैं पेड़ों को काटने से रोकूंगी, हर जगह पेड़ लगवाऊंगी और नदियों को साफ रखूंगी। मैं चाहूंगी कि हमारी धरती हमेशा हरी-भरी और खूबसूरत रहे।' हरीति ने वैसे तो इस बार चिल्ड्रेंस-डे को लेकर कुछ खास प्लानिंग नहीं की है, लेकिन उसे सेट पर किसी सरप्राइज की उम्मीद है। वह बताती है,'इस बार मैं अपने शो के सेट पर ही चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करूंगी। इसके अलावा मैं स्कूल और अपने घर के आस-पास के बच्चों को चॉकलेट्स भी बांटूंगी।' चिल्ड्रेंस-डे पर हरीति 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को यह मैसेज देती है, 'अपने सभी दोस्तों से मैं यही कहूंगी कि हमेशा खुश रहें, स्ट्रॉन्ग बनें और अपने सपनों को साकार करें। बड़ों की बात मानें, पढ़ाई करें, खेलें और खुश रहें।' *



## सड़क पर रहने वालों के लिए घर बनवाऊंगाः सैयांश गुप्ता

**सोनी सब** चैनल के पॉपुलर शो 'इत्ती सी खुशी' में बनी दिवेकर का रोल निभा रहे सैयांश गुप्ता से जब चिल्ड्रेंस-डे पर किसी एंजेल से मिलने और तीन विशेज पूरी करने के बारे में पूछा गया तो वह बड़े भोलेपन से कहता है, 'मैं एंजेल से बहुत सारे खिलौने और टेडी बियर मांगूंगा। मैं दूसरी विश मांगूंगा कि मैं इतना सक्सेसफुल बन जाऊं, जिससे मेरे मम्मी-पापा को मुझ पर प्राउड फील हो। तीसरी विश में मैं एंजेल से सभी के लिए खुशियां मांगूंगा।' अगर सैयांश को सुपर पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, वह बताता है, 'यदि मुझे सुपर पॉवर मिलेगी, तो मैं ऐसे लोगों के लिए घर बनवाऊंगा, जो सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। उन लोगों को खाना खिलाऊंगा, जिन्हें पेटभर खाना नहीं मिल पाता। मैं चाहता हूं कि कोई भी इंसान भूखा या बेघर न रहे।' सैयांश इस बार कुछ अलग ढंग से चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करने की सोच रहा है। वह बताता है, 'मैं हर साल चिल्ड्रेंस-डे अपने फ्रेंड्स के साथ खूब एंज्वॉय करता हूं। इस बार मैं कुछ अलग करना चाहता हूं। मैंने तय किया है कि मैं चिल्ड्रेंस-डे पर जरूरतमंद बच्चों को खाना खिलाऊंगा और पूरा दिन उन्हीं के साथ बिताऊंगा। उनके साथ मेरा दिन भी खास बन जाएगा, क्योंकि मुझे कई सारे चेहरों पर मीठी-मीठी मुस्कुराहट देखने को मिलेगी।'

सैयांश का 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'मैं अपने दोस्तों से यही कहना चाहूंगा कि खूब खाओ-पीयो और मस्ती करो। खूब धमाल मचाओ, लेकिन किसी को परेशान मत करो। आप अच्छे बनकर रहेंगे तो सभी आपके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे, आपसे प्यार करेंगे।'* **प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

प्रेरणा / विनय कुमार पाठक

कुछ बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अपने इनोवेटिव आइडियाज से दूसरों की हेल्प भी करते हैं। इन्हीं लोगों में है अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की किशोरी तेजस्वी मनोज। तेजस्वी को टाइम मैग्जीन ने 'किड ऑफ द ईयर' चुना है।

## सीनियर सिटीजंस को साइबर क्राइम से बचा रही है मल्टी-टैलेंटेड तेजस्वी मनोज



बच्चो, प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन ने अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की 17 वर्षीया तेजस्वी मनोज को 'किड ऑफ द ईयर-2025' चुना है। तेजस्वी अमेरिका के टेक्सास राज्य के लेबनान ट्रेल हाई स्कूल में पढ़ती है। तुम जरूर जानना चाहोगे कि तेजस्वी ने आखिर ऐसा क्या किया, जो उसे यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है।

**तेजस्वी मनोज की उपलब्धिः** तेजस्वी ने कुछ समय पूर्व 'शील्ड सीनियर' नाम की एक वेबसाइट बनाई। इस वेबसाइट पर बुजुर्गों को सिखाया जाता है कि किस तरह वे संदिग्ध ई-मेल या मैसेज को पहचानें और उसकी कहां रिपोर्ट करें? साथ ही साइबर फ्रॉड से कैसे बचें? टाइम मैग्जीन ने 'शील्ड सीनियर' की फाउंडर तेजस्वी को उसकी इस उपलब्धि के लिए न केवल 'किड ऑफ द ईयर' चुना है, साथ ही मैग्जीन में तेजस्वी की इस उपलब्धि और उसके काम पर विशेष आलेख भी प्रकाशित किया गया है।




**कहां से मिली प्रेरणाः** तेजस्वी को 'शील्ड सीनियर' बनाने की प्रेरणा एक घटना से मिली। एक दिन उसने सुना कि साइबर ठगों ने उसके दादाजी को धोखा देने की कोशिश की। यह बात सुनकर तेजस्वी सोच में पड़ गई, 'अगर मेरे दादाजी के साथ ऐसा हो सकता है, तो इससे कितने और बूढ़े लोग परेशान होते होंगे?' उसने इंटरनेट पर खोजबीन शुरू की और पाया कि 2024 में करीब 8,60,000 साइबर स्कैम हुए, जिनसे लोगों के लगभग 16 बिलियन डॉलर ठगे गए। इनमें से एक तिहाई से अधिक रकम 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों से ठगी गई थी। तेजस्वी को यह देखकर बहुत चिंता हुई। उसने निश्चय किया कि वह सीनियर सिटीजंस को इन धोखेबाजों से बचाने के लिए कुछ करेगी। एक साल के भीतर ही उसने 'शील्ड सीनियर' नाम की वेबसाइट बना डाली।

**मल्टी-टैलेंटेड है तेजस्वीः** तेजस्वी बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। वह स्काउटिंग अमेरिका की सक्रिय सदस्य है। वह बहुत अच्छा वायलिन बजाती है। वह अपने स्कूल की ऑर्केस्ट्रा टीम में भी शामिल है। साथ ही एक एनजीओ के साथ मिलकर शरणार्थी बच्चों को गणित और अंग्रेजी पढ़ाती है।

बच्चो, तेजस्वी हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि उम्र छोटी हो या बड़ी, अगर हम ठान लें तो किसी भी समस्या का हल खोज सकते हैं। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पापा तुमने कभी न जाना

पापा तुमने कभी न जाना
क्यों हम गुमसुम होते हैं।
मम्मी तुमने कभी न समझा
आखिर क्यों हम रोते हैं।
नींद नहीं पूरी हो पाती
सुबह जागना पड़ता है।
हड़बड़-तड़बड़ भारी बस्ता
लाद भागना पड़ता है।
सब कहते पढ़ने-लिखने को
विद्यालय हो चाहे घर।
कोई कभी नहीं कहता कि
बच्चों खेलो जी भरकर।
नहीं चाहिए हमें खिलौने
नहीं चॉकलेट, ना टॉफी
मम्मी प्यार करो, दुलराओ
बस इतना ही है काफी।
थोड़ा समय हमें दो पापा
धंधे से छुट्टी पाकर।
कभी तो बैठो पास हमारे
ऑफिस से जल्दी आकर।
पापा हमसे कहें कहानी
मम्मी हमको दुलराएं।
फिर तो हम खुश रहें हमेशा
कभी न रोएं, चिल्लाएं।



एआई इमेज



कहानी
गोविंद भारद्वाज

## नन्हे जागरूक

समझदारी और साहस हो तो बच्चे क्या नहीं कर सकते! यश और हर्ष ने एक बच्चे को टी-स्टॉल पर पिटते देखा तो दोनों ने जाकर उसे बचाया। पता चला टी-स्टॉल का मालिक उस बच्चे से बाल मजदूरी कराता है। क्या यश और हर्ष उस बच्चे की कोई मदद कर सके, टी-स्टॉल वाले को सबक सिखा सके?



यश और हर्ष दोनों सगे भाई हैं। वे हमेशा एक-दूसरे के साथ रहते हैं। स्कूल भी साथ ही आया-जाया करते हैं। उन दोनों भाइयों में आपस में बहुत प्यार है, कभी आपस में लड़ते-झगड़ते नहीं हैं। दोनों भाई समझदार और साहसी हैं। एक शाम दोनों भाई बाजार जा रहे थे। रास्ते में एक चाय की दुकान के सामने काफी भीड़ जमा देखी। यश ने पूछा, 'हर्ष, यहां पर इतनी भीड़ क्यों जमा है?'

'मुझे तो किसी लड़के की रोने की आवाज आ रही है। लगता है कोई किसी बच्चे को पीट रहा है।' हर्ष भीड़ से आ रहे शोर को ध्यान से सुनते हुए बोला।

दोनों भाई तेज कदमों से भीड़ के पास गए। उन्होंने देखा, एक आदमी दस-बारह साल के बच्चे को बुरी तरह से पीट रहा है। खड़ी भीड़ सिर्फ तमाशा देख रही है। कोई भी उस बच्चे को बचाने का प्रयास नहीं कर रहा है। यश और हर्ष को यह सब देखकर बहुत बुरा लगा। दोनों को बहुत गुस्सा आया। यश ने उस आदमी को रोकते हुए पूछा, 'अंकल, आप इस बच्चे को क्यों पीट रहे हैं?' 'तुम कौन होते हो मुझसे यह पूछने वाले... चलो फूटो यहां से।' आदमी गुस्से से बोला।

यह सुन यश-हर्ष को और ज्यादा तेज गुस्सा आ गया। यश ने बच्चे का हाथ पकड़ा और बोला, 'मैं हूं यश और यह है हर्ष। अब बताएं आप इसे क्यों मार रहे हैं?'

वह आदमी गुस्से से बोला, 'इसने मेरा नुकसान किया है।' 'कैसा नुकसान?' यश ने तुरंत पूछा।

'इसने कांच के गिलास धोते समय तोड़ दिए हैं।' वह आदमी, जो टी-स्टॉल का मालिक था, गुस्से से लाल होकर बोला।

'क्या आप इसे अपने टी-स्टॉल पर नौकर रखकर इससे जूठे गिलास, बर्तन धुलवाते हैं?' हर्ष ने कुछ तेज स्वर में पूछा। टी-स्टॉल वाला बोला, 'क्यों नहीं धुलवाऊं गिलास, कप-प्लेट, बर्तन। पूरे पांच सौ रुपए देता हूं इसे हर महीने।' हर्ष फिर पलट कर बोला, 'इसका मतलब यह हुआ कि आप एक गरीब बच्चे से मजदूरी करवा रहे हैं, बाल मजदूरी। आपको पता होना चाहिए कि छोटे बच्चे को मजदूरी पर रखना कानूनन जुर्म है?'

'जुर्म... कैसा जुर्म?' टी-स्टॉल वाले ने आश्चर्य और गुस्से से पूछा।

'इसकी पढ़ने की उम्र में आपने इसे काम पर रख रखा है। दूसरा यह कि यह नाबालिग है, फिर भी आपने इसे काम पर रखा है। ऊपर से आप इसे पूरा मेहनताना भी नहीं दे रहे हैं। ये सब अपराध की श्रेणी में ही आता है अंकल जी... ।' यश ने अंगुलियों पर चाय वाले के जुर्म गिना दिए। यश की ये सब कानूनी बातें सुनकर टी-स्टॉल वाले का दिमाग चकरा गया, उसने पूछा, 'तुम बच्चों को कैसे पता... ये कानूनी बातें?'

हर्ष ने मुस्कुराते हुए बताया, 'अंकल, समय-समय पर हमारे स्कूल में इस बारे में जानकारियां दी जाती हैं। टीवी-अखबारों में भी इन सब की जानकारी दी जाती है। एक और बात बताऊं अंकल?'

'कौन-सी बात?' टी-स्टॉल वाले ने तुरंत पूछा।

हर्ष ने बताया, 'हमारे पापा-मम्मी दोनों ही शहर के जाने-माने वकील हैं।'

यह सुनकर वह आदमी घबराने की बजाय उल्टे बच्चों पर बिगड़ उठा, 'एक तो इस बच्चे की गरीबी पर रहम खाते हुए हमने नौकरी दी, ऊपर से तुम लोग मुझे ही अपराधी ठहरा रहे हो। चलो भागो यहां से वरना... ।'

'वरना क्या, हमें मारोगे? हम इसे आपके चुंगल से छुड़वाए बिना कहीं नहीं जाने वाले। हमारी बात मान लो वरना हम पुलिस को बुलाएंगे।' हर्ष कड़े स्वर में बोला।

'बुलाओ पुलिस ... जो भी करना है करो। बड़े आए हैं मुझको धमकाने। इस टी-स्टॉल पर न जाने कितने पुलिसवाले, वकील और तुम जैसे रोज आते हैं चाय पीने, उन्होंनें कभी मुझे नहीं टोका।' टी-स्टॉल वाला बोला।

हर्ष तुरंत पास की एक परिचित दुकान में गया, वहां से फोन पर उसने पुलिस कंट्रोल रूम को पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद ही पुलिस की गाड़ी वहां आ गई। अब तो वहां खड़ी भीड़ को भी जोश आ गया। उन सबने टी-स्टॉल वाले के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया। यश और हर्ष की होशियारी और हिम्मत के सामने टी-स्टॉल मालिक की एक न चली। उस कप-प्लेट धोने वाले बच्चे ने पुलिस को टी-स्टॉल के मालिक की सारी करतूतें बताईं। पुलिस वाले तुरंत उसे थाने ले गए और बच्चे को बाल सुरक्षा गृह में भिजवा दिया गया। यश और हर्ष की जागरूकता और हिम्मत के कारण उस अनाथ बच्चे को बाल मजदूरी से छुटकारा मिल गया।

अगले दिन सभी अखबारों में यश और हर्ष की बहादुरी और समझदारी की खबर उनकी तस्वीरों के साथ छपी थी। जिला प्रशासन ने दोनों भाइयों को 'नन्हे जागरूक नागरिक' सम्मान देने की घोषणा की। कई दिनों तक शहर में यश-हर्ष की चर्चा होती रही। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बाल कथाओं की एक किताब 'हारिए न हिम्मत' कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें नौ कहानियां और महान देशभक्त, क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन की प्रमुख घटनाओं को संकलित किया गया है। इसके लेखक डॉ. दिनेश पाठक 'शशि' हैं। बच्चो, ये सभी कहानियां पढ़ने में रोचक तो हैं ही, इनसे तुम्हें अच्छे, समझदार और साहसी बनने की प्रेरणा भी मिलेगी। 'दादू आए खुशियां लाए' कहानी में रोहित की बाजारू खाना खाने की आदत को उसके दादाजी कैसे सुधारते हैं, इसे पढ़ सकते हो। किसी संकट के समय में भी धैर्य और साहस से दूसरे की मदद की जा सकती है, इसे 'हारिए न हिम्मत' कहानी में रोचक तरीके से बताया गया है। कुछ इसी तरह की कहानी 'पकड़ा गया चोर' है। इसमें नंदन कैसे बुद्धिमानी से चोर को पकड़वाता है, यह पढ़ सकते हो। दो भाइयों सागर, आकाश और उनकी पालतू बिल्ली किट्टी की मजेदार कहानी है 'और वह रोने लगी।' इस किताब में जानवरों पर आधारित भी दो कहानियां हैं। 'खों खों दादा सुधर गए' में गुस्सैल बंदर की कहानी है तो 'आलस का परिणाम बुरा' में डॉगी के बच्चे की कहानी है। इन सभी कहानियों को पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *




**पुस्तकः** हारिए न हिम्मत, **लेखकः** डॉ. दिनेश पाठक 'शशि', **मूल्यः** 350 रुपए, **प्रकाशकः** जान्हवी प्रकाशन, दिल्ली

## जीके क्विज-179

1. आईसीसी वूमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच कौन बनीं?
2. हाल ही में रायपुर में छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन किसने किया?
3. महाराष्ट्र में औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नया नाम क्या रखा गया है?
4. वर्ल्ड चिल्ड्रेंस-डे कब मनाया जाता है?
5. विश्व मधुमेह दिवस (वर्ल्ड डायबिटीज डे) कब मनाया जाता है?
6. किस पशु को रेगिस्तान का जहाज भी कहा जाता है?
7. इन दिनों सोनपुर का मेला किस राज्य में चल रहा है?
8. 'ग्रैंड मास्टर' शब्द का संबंध किस खेल से है?
9. श्रीलंका की राजधानी कहां है?
10. महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-179 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-178 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.हरमनप्रीत कौर, 3.रोहित शर्मा, 4.साने तकाइची, 5.न्यायमूर्ति सूर्यकांत, 6.अमित शाह, 7.अवतल लेंस, 8.कार्बन डाइऑक्साइड, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.LVM3-M5 (बाहुबली रॉकेट)

**जीके क्विज-178 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, चुनेंद्र-बालोद, रितेश-मटियारी, आद्या-मानपुर, मन्नत-कैथल, सौरभ-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, रोशन-रायपुर

## रंग भरो-189

**रंग भरो-189** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी

आशना, जांजगीर

प्रियांशु, रायपुर

ईशान, ई-मेल से

सूर्यांश, बिलासपुर

पराग, ई-मेल से

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, साकेत-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, रोहन-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 190



बच्चो, यहां गार्डन में साथ मिलकर दौड़ रहे बच्चों का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

### राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**स्कूलों के करीब 96 विद्यार्थियों व 26 शिक्षकों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए निर्णायक मंडल के सदस्य।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में वीरवार को खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदर्शनी में साल्हावास खंड के सभी स्कूलों के करीब 96 विद्यार्थियों व 26 शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों की सहायता से अपने-अपने विज्ञान मॉडल बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित किए। रजिस्ट्रेशन का कार्य एबीआरसी पवन कुमार तथा अनूप रानी ने संभाला जबकि निर्णायक मंडल में विज्ञान अध्यापिका मोनिका, रीना व रसायन प्रवक्ता जसवंत शामिल रहे। निर्णायक मंडल द्वारा किए गए प्रदर्शनी अवलोकन में विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल के नाम, सिद्धांत तथा उपयोगिता आदि बारे जानकारी दी।

**विद्यार्थियों को सम्मानित किया**

*प्रदर्शनी में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को नकद प्रोत्साहन राशि व प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। एबीआरसी मुकेश व नीतू ने प्रतियोगिता परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि स्थाई कृषि विषय पर आयोजित मॉडल में राजकीय स्कूल खुड्डन के भीम ने पहला, बीकेडी स्कूल साल्हावास की प्राची ने दूसरा व राजकीय कन्या स्कूल साल्हावास से गीतांशु ने तीसरा स्थान हासिल किया। वेस्ट मैनेजमेंट में राजकीय स्कूल खुड्डन से पारस पहले, बीकेडी स्कूल से हर्षित दूसरे व राजकीय स्कूल मुंडाहेड़ा से चिराग तीसरे स्थान पर रहा। ग्रीन एनर्जी में बीएसएम स्कूल साल्हावास से कशिका प्रथम, बीकेडी स्कूल साल्हावास से भावना द्वितीय व राजकीय स्कूल सरौला से मुस्कान तृतीय रही। उभरती प्रौद्योगिकी विषय में राजकीय स्कूल खुड्डन से हिमांशु ने प्रथम, राजकीय स्कूल सुबाना से शुभम ने द्वितीय व बीएसएम स्कूल तुंबाहेड़ी से कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हेल्थ एंड हाइजिन में बीकेडी स्कूल से रिद्धि, राजकीय स्कूल साल्हावास से हर्षिता व राजकीय स्कूल खुड्डन से अंजलि क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। जल सरंक्षण एवं प्रबंधन विषय में राजकीय स्कूल तुंबाहेड़ी से कार्तिक को पहला, बीएसम तुंबाहेड़ी से पियूष को दूसरा व राजकीय स्कूल साल्हावास से देवांशु को तीसरा स्थान मिला।*



झज्जर। शिविर में छात्राओं व शिक्षकों से बातचीत करते हुए सीएमओ डॉक्टर जयमाला। फोटो : हरिभूमि

# शिविर में छात्राओं ने कराई एनीमिया जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महाराजा अग्रसेन महिला कॉलेज में वीरवार को एनीमिया, कुपोषण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब कार्यक्रम अधिकारी सोनिया गोयल ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनीमिया और कुपोषण से बचाव के लिए संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है इसलिए हमें अपने साथ-साथ अपने परिवार को भी स्वस्थ रखने के लिए जागरुक होना पड़ेगा।

**जन स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी**

*प्राचार्या डॉक्टर चित्रलेखा ने छात्राओं को इस प्रकार के शिविरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्राओं को नेत्र जांच, दंत जांच, रक्त जांच एवं स्वास्थ्य काउंसलिंग की सुविधाएं भी प्रदान की गईं। नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर तन्वी ने छात्राओं को नेत्रदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नेत्रदान महादान है और हमें आमजन को इसके लिए जागरुक करना चाहिए। दंत विशेषज्ञ एवं हाइजिनिस्ट रवीन कुमार ने दांतों की स्वच्छता एवं जन स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी जबकि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मोबाइल हेल्थ टीम से डॉक्टर रेखा यादव ने महिलाओं में पाई जाने वाली सामान्य बीमारियों बारे छात्राओं को जागरूक किया। इनके अलावा जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने एनीमिया एवं किशोरावस्था स्वास्थ्य पर विस्तार से जानकारी देते हुए छात्राओं को मित्रता क्लीनिक की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉक्टर नीतू जैन, डॉक्टर नीलम गर्ग, डॉक्टर अनुपमा यादव, डॉक्टर अनु, डॉक्टर मोनिका गुप्ता, डॉक्टर तीतिक्षा रोहिल्ला, स्वास्थ्य टीम से एलटी योगेश, फार्मासिस्ट हिमांशु, हरीश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*

# स्वयंसेवियों को सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए किया प्रेरित

- स्वयंसेवियों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। शिविर में शिक्षकों के साथ उपस्थित स्वयंसेवी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में वीरवार को एनएसएस की इकाई एक और दो के स्वयंसेवियों के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि स्वयंसेवियों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। एनएसएस इकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शिवानी व इकाई दो के प्रभारी डॉक्टर सवीन ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाना रहा। इस दौरान भूगोल विभाग अध्यक्ष ओमबीर ने अपने संबोधन में जहां स्वयंसेवियों को स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया वहीं सहायक प्रोफेसर राजेश कुमार ने स्वयंसेवियों से कहा कि वे सामुदायिक जागरुकता कार्यक्रम में अधिक से अधिक भाग लें। इस मौके पर प्रदीप कुमार, पवन कुमार, डॉक्टर रीना, डॉक्टर सीटू सिंह, मंजू कुमारी, मंजीत, रामजीत, प्रियंका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**युवाओं को दी बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी**



झज्जर। बाल विवाह रोकने संबंधी शपथ लेते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को क्षेत्र के गांव हसनपुर, बंबूलिया व खापड़वास में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों में ग्राम सरपंच व पंचायत सदस्यों के साथ मिलकर चलाए जा रहे इस जागरुकता अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता संदीप जांगड़ा ने लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 बारे जागरुक किया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है तथा बालक-बालिकाओं के विकास में बाधक है। हसनपुर के एमआर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य नेहा ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 को लेकर जन-जन को जानकारी होनी चाहिए। जब घर-परिवार में इस कानून को लेकर बातचीत होगी और लोगों में इस कानून का डर होगा, तभी बाल विवाह पर अंकुश लगेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकने संबंधी शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान आंगनवाड़ी सुपरवाइजर प्रीति, अनिता, रवीना, सुनीता, शीलवती, पैरा लीगल वालिंटियर रोशनी, कर्मजीत छिल्लर, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से सामुदायिक जिला समन्वयक मनोज कुमार, पूनम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**बहु गांव में लगे शिविर में 250 लोगों ने करवाई नेत्र जांच**

झज्जर। क्षेत्र के गांव बहु स्थित रामलीला ग्राउंड धर्मशाला में वीरवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जगदम्बे वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा स्थानीय नागरिक अस्पताल की टीम के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में 250 लोगों ने अपनी नेत्र जांच कराई। जिला पार्षद शिव कुमार खोरड़ा ने शिविर में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे समय-समय पर लगाए जाने वाले इस प्रकार के शिविरों का लाभ उठाएं। नागरिक अस्पताल की नेत्र विभाग अधिकारी डॉक्टर मीनू व डॉक्टर ममता की टीम ने लोगों की नेत्र जांच की।

**वीवीएम परीक्षा में 60 विद्यार्थियों ने पाई सफलता**



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित परीक्षा के सफल विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगी परीक्षा के पहले चरण में संस्कारम स्कूल पाटौदा के 60 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया है। परीक्षा में सफलता पाने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन और उनके मानसिक तथा बौद्धिक स्तर को बढ़ावा देने में सहायक होती हैं। इन प्रतियोगिताओं से जहां विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है वहीं वह आगामी परीक्षाओं के लिए अधिक उत्साह से तैयारी करता है। प्राचार्य श्वेता कौशिक ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**समाधान शिविर में डीसी ने नागरिकों से किया सीधा संवाद**

झज्जर। लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी विभिन्न समस्याएं सुनीं। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और बिजली, पानी, सड़क, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, पारिवारिक पहचान पत्र, भूमि संबंधी विवाद, राशन कार्ड आदि से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई गईं। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। कई मामलों में विभागीय अधिकारियों से मौके पर ही रिपोर्ट लेकर तत्काल निस्तारण भी कराया गया।




**एनसीसी कैडेट्स ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के साथ उपस्थित एनसीसी कैडेट्स।

झज्जर। तक्षशिला विद्यापीठ बेरी में मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं धरती के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और स्वच्छता तथा हरियाली का संदेश दिया। इस मौके पर विद्यालय निदेशक हरबीर डबास, चेयरमैन सुखवीर डबास, प्राचार्य नसीब सिंह अहलावत व एनसीसी कार्यवाहक अधिकारी बिजेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में दुर्गा स्कूल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित होनहार खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

सातवीं हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महराना के खिलाड़ियों ने खो-खो और कुश्ती प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डीपीई अशोक कुमार ने बताया कि अंडर 11 आयु वर्ग की कुश्ती में छात्र कर्ण ने 24 किलोग्राम भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि जिले की टीम में खेलते हुए छात्रा खुशी खो-खो स्पर्धा में तृतीय रही। इसके अलावा सोनीपत में हुई हरियाणा ओलंपिक नेटबॉल खेल प्रतियोगिता में भी जिले की टीम में शामिल छात्रा अन्नू चौहान द्वितीय रही। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय संस्थापक रामचंद्र शर्मा ने स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए होनहार खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**खिलाड़ियों से किया खेल भावना से खेलने का आह्वान**




झज्जर। दीपचंद पब्लिक स्कूल में वीरवार को नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल को खेल भावना के साथ खेलें तथा किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। निदेशक जय विकास ने बताया कि पिछले 2 वर्षों में उनके संस्थान से एक खिलाड़ी एशियन गेम्स और 12 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत चुके हैं। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष बंसल ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। छठीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्यातिथि को सलामी दी। खेल प्रतियोगिताओं में नन्हें खिलाड़ियों ने 50 व 100 मीटर दौड़, लड्डू रेस, लेमन रेस, रस्साकसी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर चेयरमैन युद्धवीर, प्रबंध निदेशक सुमित चावला, संदीप, हरीश, अश्वनी, शैक्षणिक निदेशक जय भगवान, नरेंद्र चावला, सुरेंद्र नांदल, राजकुमार, गीतांशु चावला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रेरणादायी विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

# राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक है वन्दे मातरम्: देवेंद्र

- वंदे मातरम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनसीसी विंग द्वारा वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रेरणादायी विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी देवेंद्र कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने प्रभावशाली संबोधन में उन्होंने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला।

**देशभक्ति से ओत-प्रोत पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शनी लगाई**

यह केवल एक गीत नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान असंख्य देशभक्तों में जोश और बलिदान की भावना जागृत की। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र अपनी पहचान, राष्ट्रीय प्रतीकों और अपने गौरवगान का आदर नहीं करते, वे इतिहास के पन्नों से मिट जाते हैं। इसलिए प्रत्येक भारतीय को वंदे मातरम् का अर्थ, उसकी भावना और उसकी गरिमा को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट्स को राष्ट्रगौरव से ओत-प्रोत होकर वंदे मातरम् को स्मरण करने, उसका आदर करने और उसके संदेश को जीवन में उतारने का आह्वान किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर प्रताप फलसवाल ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि क्रांतिकारियों के बीच एक गुप्त कोड वर्ड बन गया। इसने आंदोलन को एकता, साहस और आत्मबल की दिशा दी और ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध स्वाधीनता की चेतना को सशक्त किया। इस दौरान कैडेट्स ने मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अंतर्गत देशभक्ति से ओत-प्रोत पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शनी का आयोजन भी किया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट श्रीकिशन चाहर ने भी संबोधित किया।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**प्रथम पुरस्कार (कार, 1 नग )**

1. ब्रिज शंकर सुपुत्र श्री मानव लाल आहूजा, न्यू मॉडल टाऊन, हिसार

**द्वितीय पुरस्कार (स्कूटी, 2 नग )**

1. नैनिका मौर्या सुपुत्री श्री उत्कर्ष मौर्या, हालू बाजार, भिवानी
2. उदयभान सुपुत्र श्री देवदत्त शुक्ला, लाईन पार एरिया, बहादुरगढ़

**तृतीय पुरस्कार (एलईडी टीवी, 2 नग )**

1. श्रीमति मंजू पत्नी श्री विनोद कुमार, म.नं. 1564, एनएचबी कॉलोनी, रोहतक
2. समर तायल सुपुत्र श्री भुनेश्वर तायल, आदर्श नगर, महेन्द्रगढ़

**चौथा पुरस्कार (रेफ्रीजरेटर, 2 नग )**

1. दरिया सिंह सुपुत्र श्री हरिराम, 232/28, मालवीय नगर, सोनीपत
2. प्रथम कुमार साहू सुपुत्र श्री दिवांकर साहू, नजदीक तालाब चौक, झज्जर

**पांचवा पुरस्कार (वाशिंग मशीन, 2 नग )**

1. जितेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री बिशम्बरदयाल, गौतम नगर, रेवाड़ी
2. रेयांश माथुर सुपुत्र श्री प्रेमलाल माथुर, रतिया रोड़, फतेहाबाद

**छठा पुरस्कार (माईक्रोवेव ऑवन, 3 नग )**

1. आरती, म. नं. 119, धर्मबीर कॉलोनी, वार्ड नं. 3, घरौंडा, करनाल
2. महासिंह सुपुत्र श्री रणजीत सिंह, राजनगर, कैथल रोड, जीन्द
3. श्री दलबीर सिंह सुपुत्र कपूर सिंह, वार्ड नं. 1, हिसार बाईपास, शास्त्री नगर, रोहतक

**सातवां पुरस्कार (गैस स्टोव (2 बर्नर), 3 नग )**

1. सीमा धर्मपत्नी श्री राकेश जुलाना, जीन्द
2. लक्ष्मण दास नम्बरदार पुत्र श्री कंवरभान, दुजाना, बेरी, झज्जर
3. राम निवास सुपुत्र श्री बिरजू, गांव माजरा, भाखली, रेवाड़ी

**आठवां पुरस्कार (इंडक्शन कुक टॉप, 5 नग )**

1. श्री सोमदत्त त्यागी सुपुत्र श्री मनजीत राम त्यागी, 449 बी, ओल्ड डीसी रोड, सोनीपत
2. श्रीमति ओमवति सुपुत्र भूप सिंह, गांव व डा. बलंभा, तह. महम, रोहतक
3. सचिन सुपुत्र श्री रत्तन लाल, मौहल्ला मिराजी, शिव नगर, वार्ड नं. 20, नारनौल, महेन्द्रगढ़
4. आदित्य वर्मा पुत्र श्री भीम सिंह निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी
5. राजबीर, श्री वीर सहाय, भट्टू रोड, मुलाना सिनेमा, फतेहाबाद

**नौंवा पुरस्कार (रुम हीटर, 5 नग )**

1. लेखपाल सुपुत्र श्री रामदिया, बख्तावरपुर, सोनीपत
2. चेतना देवी धर्मपत्नी श्री नरेन्द्र, महराना, झज्जर
3. चन्द्रभान पुत्र श्री रतन सिंह, निवासी दुल्हेड़ा, जिला झज्जर
4. फिलीना गाहलयान पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह, मकान नं. 11, पार्क कालोनी, भिवानी
5. रोहताश पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी गांव दौलतपुर जिला हिसार

**दसवां पुरस्कार (प्रेशर कूकर, 5 नग )**

1. दीपांशु सुपुत्र श्री दुष्यंत कुमार, गांव गोलिका, मनेठी, रेवाड़ी
2. श्री रणधीर सिंह सुपुत्र चेतन सिंह, वार्ड 6, कलानौर, रोहतक
3. राधा कृष्ण पुत्र श्री सूरजभान, मकान नं. 1446/12 क्वार्टर रोड, शिव मंदिर के पास, हिसार
4. राजबीर सिंह पुत्र श्री होश्यार सिंह, गांव बामनौली, बहादुरगढ़, जिला झज्जर
5. सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुखराम प्रजापत, वार्ड नं. 6, पुराना बाजार, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़

---

### आवश्यक सूचना

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

---

**- कार्यालय पता -**

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़

झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर

फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। आचार्या सूरजभान को बधाई देते सरदार गुरमीत सिंह।

### आचार्य सूरजभान का जन्मदिन मनाया

**बहादुरगढ़।** पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी आचार्य सूरजभान का 65वां जन्मदिन वीरवार को देवीलाल पार्क में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पतंजलि के जिला प्रभारी गुरमीत सिंह, आचार्य हरीश अरोड़ा, आचार्य सुरेंद्र पाल मेहता, पवन अरोड़ा, नवीन दहिया, कैलाश व विनोद आदि ने उनके स्वस्थ, दीर्घ और सेवा से भरे जीवन की कामना की। आचार्य सूरजभान ने योग और सेवा को जीवन का मूलमंत्र बनाकर समाज में स्वास्थ्य और संस्कार का संदेश फैलाया है। इस अवसर पर बल्ली, संजय कुमार, प्रवीन गुप्ता, शिव शंकर मिश्रा, कांता प्रसाद, विक्रम, रमेश कुमार, विनीश खन्ना और हरीश बजाज विशेष रूप से मौजूद रहे।



झज्जर। खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह।

### प्रतियोगिता में कीमत व देवव्रत ने जीते मेडल

**झज्जर।** राजकीय नेहरू महाविद्यालय के दो खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते हैं। प्रवक्ता डॉक्टर अरूण कुमार ने बताया कि बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कीमत ने अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया जबकि बीए प्रथम वर्ष के छात्र देवव्रत ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.दलबीर सिंह व प्राध्यापक दीपक ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी।

250 छात्र-छात्राओं ने करवाया पंजीकरण, कंपनियों ने 40 छात्र-छात्राओं का किया चयन

# वैश्य कन्या महाविद्यालय में लगाया जॉब फेयर

## रोजगार मेले में सात कंपनियों ने की शिरकत





बहादुरगढ़। मेले का शुभारंभ करती रोजगार अधिकारी सुनीता व अन्य तथा मेले में छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लेते कंपनी के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

■ छात्राओं को जॉब फेयर में खुद के आंतरिक मूल्यांकन का एक प्लेटफॉर्म मिला : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगार सृजन की ओर प्रोत्साहित करने के लिए उपमंडल रोजगार कार्यालय के सहयोग से जॉब फेयर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित इस रोजगार मेले में 7 कंपनियों ने शिरकत की। इसमें कॉलेज समेत बाहर से 250 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीकरण करवाया। रोजगार मेले में योकोहामा, एसबीआई लाइफ, एसएफएस ग्लोबल, सांवरियां, डोर बैल, अमबुर, पुखराज हैल्थ केयर जैसी कंपनियों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने छात्राओं से रूबरू होते हुए उनसे साक्षात्कार, ऑन द स्पोट् नियुक्ति, कुशल संवाद, कैरियर गाइडेंस, मोटिवेशनल स्पीच और प्रारंभिक चयन प्रक्रिया इत्यादि के बारे में बताया।

कंपनियों की कार्यक्षमता, कार्यसंस्कृति, योग्यता और तौर-तरीकों से अवगत करवाया। रोजगार अधिकारी सुनीता ने कहा कि छात्राओं को इस जॉब फेयर में खुद के आंतरिक मूल्यांकन का एक प्लेटफॉर्म मिला है। इसमें विभिन्न उद्योगों की कार्य प्रणालियों, रोजगार के गहन अवसरों, खुद की कार्य क्षमता, आंतरिक मूल्यांकन, मनोबल को बढ़ावा, आवश्यक कौशल से जुड़े रोजगारों का ज्ञानवर्धन होना इत्यादि रहा है। विभिन्न कंपनियों ने 40 छात्र-छात्राओं का चयन करते हुए रोजगार सर्जन के लिए ऑन द स्पॉट 10 छात्र-छात्राओं को ऑफर लैटर दिया गया।

### रोजगार के विकल्प ढूंढने के लिए एक प्रभावशाली अवसर

बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि औपचारिक क्षेत्र में नए-नए रोजगार के विकल्प ढूंढने के लिए यह एक प्रभावशाली अवसर है। उप प्रधान प्रेमचंद बंसल ने कहा कि इस जॉब फेयर में बेहतर विकल्प तलाश रही छात्राओं को खूब मदद मिली। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि जॉब फेयर से छात्राओं को नौकरी के अवसरों, योग्यताओं और चयन प्रक्रिया में स्वयं भाग लेकर अपनी गुणता का विकास करने का अवसर मिला। शिक्षा का सही मायने में उद्देश्य ज्ञान, कौशल, योग्यता और आत्मनिर्भरता होना चाहिए। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. भारती मिश्रा ने कहा कि इस आयोजन ने नियोक्ताओं और उम्मीदवारों को आपस में जोड़ते हुए विभिन्न उद्यमों व उद्योगों में नौकरियों की जानकारी दी। सहप्रभारी शिखा तिवारी ने कहा कि जॉब फेयर हमेशा हमारे व्यक्तित्व की कुछ कर दिखाने की दृढ़ निश्चयी प्रतिभा को एक नया आयाम देते हैं।



बहादुरगढ़। रजत को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# विजेता बना रोहद गांव का रजत पहलवान

## हिमाचल में ज्वालाजी कुश्ती महादंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ ढाई लाख की कुश्ती में रजत ने छोटा सद्दाम पहलवान को परास्त किया

कुश्ती के हेवीवेट वर्ग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा रोहद गांव का रजत पहलवान हिमाचल में हुए ज्वालाजी कुश्ती महादंगल में छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए ढाई लाख की बड़ी कुश्ती में रजत ने छोटा सद्दाम पहलवान को परास्त किया। रजत की जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। हिमाचल के कांगड़ा स्थित ज्वालामुखी में 12 नवंबर को माता ज्वालाजी कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ था। देश के कई नामी व प्रतिभाशाली पहलवानों ने इसमें भाग लिया। रोहद के रजत पहलवान ने भी जोर आजमाइश की। ढाई लाख की ईनामी कुश्ती के लिए रजत का सामना होशियारपुर के छोटा सद्दाम पहलवान के साथ हुआ। इस एक नंबर की छुट्टी कुश्ती में रजत छाया रहा और जीत दर्ज की। वहां के विधायक व आयोजकों ने रजत पहलवान को गदा व ईनामी राशि से सम्मानित किया। गांव रोहद का निवासी रजत पहलवान पिछले कुछ वर्षों से मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल का शिष्य है। हेवीवेट 125 केजी कैटेगिरी का यह पहलवान वर्ल्ड, एशियन चैंपियनशिप में देश के लिए मेडल जीत चुका है। वहीं देशभर में हो रहे देशी दंगलों में भी धाक जमा रहा है। रजत की जीत पर उसके परिजनों, कोच व साथी पहलवानों ने खुशी जताई है। वहीं रजत ने युवा वर्ग को नशे से दूर रहकर अपनी उर्जा पढ़ाई तथा खेलों में लगाने के लिए प्रेरित किया।

# उद्घाटन के बाद भी बंद पड़ा शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के विश्वकर्मा चौक पर ड्रेन के ऊपर बने सावर्जनिक शौचालय का उद्धघाटन पिछले सप्ताह हुआ था। लेकिन इस पर ताला लटका देखकर लोग निराश हैं। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने कहा कि यदि शौचालय पूरी तरह बनकर तैयार नहीं था, तो फिर इसका उद्घाटन नहीं करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इन शौचालयों को चालू करवाया जाए। इनकी साफ-सफाई की जिम्मेदारी नगर परिषद की तय होनी चाहिए। नाहरा-नाहरी रोड पर बने शौचालयों की सफाई आस-पास के दुकानदारों द्वारा करवाई जा रही है। यहां महिलाओं के लिए बना शौचालय पहले दिन से बंद पड़ा है। इस शौचालय को भी जल्द खुलवाया जाए।




बहादुरगढ़। उद्घाटन के बावजूद बंद पड़ा सार्वजनिक शौचालय। फोटो : हरिभूमि

# युवा कांग्रेस ने वोट चोरी को लेकर किया जागरूक

■ लोगों से लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

युवा कांग्रेस की ओर से वीरवार को शहर में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चलाया गया। इसके तहत सिटी मेट्रो स्टेशन, पुराना बस स्टैंड, नजफगढ़ रोड और रोडवेज बसों में युकां पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लोगों को लोकतंत्र की सुरक्षा और मताधिकार के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया। आम नागरिकों, दुकानदारों और यात्रियों को वोट चोरी के खिलाफ पंपलेट वितरित किए और लोगों से लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने का आह्वान किया। हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश मीडिया चेयरमैन प्रदीप यादव ने अभियान का नेतृत्व करते हुए कहा कि भाजपा सरकार चुनावों में जनता के जनमत को चुरा रही है। हरियाणा समेत पूरे देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। कांग्रेस का यह अभियान वोट चोरी के खिलाफ एक जन आंदोलन है, जो जनता को जागरूक कर रहा है। प्रदीप यादव ने कहा कि कांग्रेस और उसकी युवा इकाई इस लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक लड़ेगी। युवा कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष पंकज फौगाट ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए हर नागरिक को जागरूक होना होगा। भाजपा ने सत्ता के लिए हर हद पार कर दी है, लेकिन अब युवा वर्ग चुप नहीं बैठेगा। युवा कांग्रेस नेता वरुण राठी ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रशासनिक तंत्र को भी अपने राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल किया है। युवा कांग्रेस हर बूथ, हर वार्ड और हर गांव में जाकर लोगों को बताएगी कि वोट चोरी रोकना ही असली देशभक्ति है।



बहादुरगढ़। मेट्रो स्टेशन के निकट पंपलेट वितरित करते युवा कांग्रेसी।



झज्जर। शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**झज्जर।** वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में लागू विभिन्न शिक्षा योजनाओं की प्रगति और प्रभाव की विस्तृत समीक्षा की । उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा जिले में सरकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों और अधिकारियों का पूर्ण समर्पण आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जाए, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उपस्थिति, मिड डे मील, स्मार्ट क्लास, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए। स्कूलों में चल रही गतिविधियों तथा छात्रों के सीखने के स्तर का समय-समय पर आंकलन किया जाए। बैठक में सभी खंड शिक्षा अधिकारी सहित जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आज से

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में शुक्रवार से 54वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रातः नौ बजे शुरू होने वाली प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार द्वारा किया जाएगा। समापन पर भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय खानपुर कलां के रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवालिक यादव मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता में सभी तरह की दौड़ें, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेता खिलाड़ियों को नकद प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

### एसडीएम ने सुनी समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

**बेरी।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान तय समय-सीमा में किया जाए और कार्यवाही की रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य है कि नागरिकों की समस्याओं का निवारण उनके घर द्वार के समीप ही त्वरित गति से हो। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली को और सुचारू बनाने के लिए ई-दिशा केंद्र में हेल्प डेस्क स्थापित

*जिलेभर की तहसीलों में अब तक 131 रजिस्ट्री हो चुकी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने ई-दिशा केंद्र में पेपरलेस रजिस्ट्री का स्वयं जायजा लिया और हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हेल्प डेस्क नागरिकों को ऑनलाइन रजिस्ट्री से संबंधित संपूर्ण जानकारी, प्रक्रिया, दस्तावेजों की सूची तथा आवेदन मार्गदर्शन प्रदान करेगी। नई प्रणाली के मद्देनजर इसे एक महत्वपूर्ण सुविधा के रूप में शुरू किया गया है, ताकि किसी भी नागरिक को परेशानी न हो और आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह सहज रहे। उन्होंने बताया कि जिलेभर की तहसीलों में अब तक 131 रजिस्ट्री हो चुकी हैं। नई व्यवस्था को अपनाने कुछ समय लगता है। डीड राइटर्स से कुछ तकनीकी सुधार के सुझाव आएं हैं। जिनको चंडीगढ़ भेजा जा रहा है।

उन्होंने डीड राइटर्स से कहा कि नई व्यवस्था है, कुछ दिनों में आप भी सीख जाएंगे। आपको कोई परेशानी आती है या सुधार के लिए कोई सुझाव है तो जिला राजस्व अधिकारी के पास दें। उनका समाधान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिले के तहसील कार्यालयों अभी तक झज्जर में 67, बहादुरगढ़ में 16, बादली में 01, मातनहेल में 9, बेरी में 37 और साल्हावास में 01 पेपरलेस रजिस्ट्री हुई है।




झज्जर। ई-दिशा केंद्र में पेपरलेस रजिस्ट्री हेल्पडेस्क का शुभारंभ करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा व नशे के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** नशा मुक्ति टीम द्वारा बाबा हरिदास इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन नूनामाजरा में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निरीक्षक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, महिलाओं के विरुद्ध अपराध तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए तथा समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। निरीक्षक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, यातायात संकेतों को समझने और नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

# बच्चों ने किड्स कार्निवल में पाया सड़क सुरक्षा का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बाल दिवस के उपलक्ष्य में सैनिक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया कंपनी मानेसर द्वारा आयोजित किड्स कार्निवल में भाग लिया। यह कार्यक्रम बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नाटक, खेल, जादू शो, रचनात्मक गतिविधियों और शैक्षिक फिल्मों के माध्यम से यातायात नियमों, सड़क संकेतों तथा सुरक्षित व्यवहार के बारे में रोचक ढंग से जानकारी प्राप्त की।

पूरा वातावरण खुशियों और उत्साह से भरा रहा। बच्चों ने मनोरंजन के साथ-साथ नई बातें सीखीं और अपने मित्रों के साथ शानदार समय बिताया। कार्निवल में बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था की गई। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजक बल्कि शिक्षाप्रद और यादगार भी रहा। प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को मनोरंजन के साथ जीवनोपयोगी शिक्षा भी प्रदान करते हैं। भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे ताकि विद्यार्थी सीखते हुए आनंद ले सकें।




बहादुरगढ़। कार्निवल में भाग लेने वाले विद्यार्थी।

शाखा स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# विजया स्कूल व होली फेथ स्कूल रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भारत विकास परिषद बहादुरगढ़ शाखा की ओर से राणा प्रताप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को शाखा स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें विभिन्न स्कूलों की कनिष्ट और वरिष्ठ वर्ग में 20 टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीईओ शेर सिंह ने शिरकत की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संजय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाविप के प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी ने की।

वरिष्ठ वर्ग में विजया स्कूल लोवा खूर्द ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वैश्य आर्य कन्या स्कूल ने दूसरा और मॉडल संस्कृति स्कूल बहादुरगढ़ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में होली फैथ स्कूल बुपनिया ने प्रथम, विजया स्कूल बहादुरगढ़ ने द्वितीय और वैश्य आर्य कन्या स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते भाविप पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश गुप्ता, सचिव विजय पुन्हानी, कोषाध्यक्ष एमएस भाटी, संस्कार संयोजक दीपेश राठी, उपाध्यक्ष दीपक पंवार, प्राचार्या मीनू देवी, पूर्व अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, अशोक पुन्हानी आदि उपस्थित रहे।

जिला समन्वयक सतीश शर्मा ने बताया कि दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने टीम 23 नवंबर को जींद में आयोजित प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ शाखा का प्रतिनिधित्व करेंगी। बीईओ शेर सिंह व डॉ. संजय सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को इतिहास, भूगोल, संस्कृति, धर्म, साहित्य, विज्ञान, खेल, संविधान और धर्मग्रंथों की जानकारी प्राप्त होती है।